सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 52 | इंदौर, मंगलवार 03 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## श्रद्धालुओं ने बाढ़ के पानी में किया सोमवती अमावस्या का पर्व स्नान

### रामघाट पर बेरिकेटिंग पर श्रद्धालुओं को रोका,अन्य घाटों व सोमकुंड पर हुआ पर्व स्नान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन, निप्र। लगातार बारिश होने से शिप्रा नदी में बाढ़ आ गई। रामघाट पर मंदिर डूब गए और पानी छोटे पुल से भी 4 फीट ऊपर बह रहा है,वहीं दूसरी ओर हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन सोवमती अमावस्या का पर्व स्नान करने शिप्रा नदी पहुंचे जिन्हें पुलिस व होमगार्ड जवानों ने बेरिकेटिंग कर नदी पर जाने से रोक दिया। हालांकि श्रद्धालुओं ने अन्य घाट व बड़े पुल के नीचे रेती घाट पर पहुंच कर पर्व स्नान किया। इधर सोमतीर्थ कुंड में भी बारिश और बाढ़ का पानी ओवरफ्लो होकर बह रहा था। पीएचई द्वारा यहां श्रद्धालुओं को स्नान के लिए फव्वारे लगाये गए थे।

भादौ मास की अमावस्या पर हजारों की संख्या में ग्रामीणजन सोमतीर्थ कुंड व शिप्रा नदी में स्नान के लिए सुबह से पहुंचना शुरू हो चुके थे। पुलिस प्रशासन द्वारा भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयारियां की गई थी। शिप्रा नदी के रामघाट,दत्त अखाड़ा और सुनहरी घाट पर बाढ़ का पानी होने के कारण लोगों को स्नान की अनुमति नहीं दी गई। इसके बावजूद अनेक लोग सुनहरी घाट के पीछे ओटले पर बैठ कर और बड़े पुल के नीचे स्थित घाट पर स्नान के लिए पहुंचे। सोमतीर्थ कुंड में स्नान का महत्व होने के कारण अधिकांश श्रद्धालुओं कुंड स्थल पर पहुंच कर फव्वारा स्नान किया। यहां पीएचई द्वारा कुंड के तीन ओर फव्वारे लगाए गए थे। एक ओर महिलाओं के लिए स्नान की सुविधा और कुंड के ऊपर खुले स्थान पर वस्त्र बदलने के लिए टेंट लगाया गया था। यहां नगर निगम,पीएचई,स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद थी। श्रद्धालुओं ने पर्व स्नान के बाद अनाज,रुपये आदि दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महिलाओं ने सोमतीर्थ कुंड के पास स्थित मंदिर के पास पीपल के वृक्ष की परिक्रमा कर परिवार की सुख,समृद्धि की कामना कर पूजन किया। यहां पंडितों ने भी शिप्रा तट के घाट के ऊपर धर्मशाला में पितरो के निमित्त पिंडदान व तर्पण कराया। इस दौरान महाकाल मंदिर सहित शहर के अन्य मंदिरों में भी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

सोमवार को शाही सवारी के साथ ही सोमवती अमावस्या होने से शिप्रा के रामघाट,दत्त अखाड़ा व अन्य घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन स्नान के लिए पहुँचे थे।

# आईसीयू में आग, दम घुटने से मरीज की मौत

## ग्वालियर के ट्रॉमा सेंटर में हादसा; 10 मरीज भर्ती थे, 7 की हालत गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में जयारोग्य अस्पताल (JAH) के ट्रॉमा सेंटर के ICU (इंटेंसिव केयर यूनिट) में आग लग गई। स्टाफ ने आग पर काबू पाकर आनन-फानन में यहां भर्ती मरीजों की शिफ्टिंग शुरू की। इसी बीच धुआं भरने से एक मरीज की जान चली गई।**

हादसा मंगलवार सुबह 7 बजे AC का कम्प्रेसर पाइप फटने से हुआ। उस वक्त ICU में 10 मरीज थे। सात की हालत गंभीर थी।

शिवपुरी के आजाद खान को तीन दिन पहले ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ICU में वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर था। अन्य 9 मरीजों को न्यूरोलॉजी के ICU में शिफ्ट किया गया है।





### एक्सीडेंट में घायल हुआ था आजाद

JAH के ट्रॉमा सेंटर में फिलहाल कुल 48 मरीज हैं। हादसे में जान गंवाने वाले आजाद खान को एक्सीडेंट में घायल होने के बाद यहां लाया गया था। उसकी हालत बेहद नाजुक थी। वह तीन दिन से वेंटिलेटर सपोर्ट पर था। यही कारण रहा कि जब शिफ्टिंग के लिए उसका वेंटिलेटर हटाया गया तो उसने दम तोड़ दिया।

### फॉल्स सीलिंग जलने से भरा धुआं

ट्रॉमा सेंटर के ICU में आग लगते ही वहां मौजूद मेडिकल स्टाफ हरकत में आया। फायर एस्टिंग्विशर (अग्निशमन यंत्र) से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक फॉल्स सीलिंग और एक बेड आग पकड़ चुका था। उसके सुलगने से पूरे ICU में धुआं भर गया। वहां भर्ती सभी 10 मरीज वेंटिलेटर पर थे। ऐसे में उनको शिफ्ट करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

# मंत्रिमंडल के साथ बीजेपी की सदस्यता रिन्यु कराएंगे CM

## एमपी में अभियान; वीडी बोले- नए लोगों को पार्टी में शामिल कराएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में बीजेपी का सदस्यता अभियान मंगलवार से शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दोपहर 2 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्रियों के साथ भाजपा की सदस्यता रिन्यु कराएंगे। मुख्यमंत्री को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सदस्यता दिलाएंगे। इस दौरान बीजेपी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह मौजूद रहेंगे।**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बताया कि प्रदेश भर के 41 हजार डिजिटल कार्यकर्ता भाजपा की ताकत है। ये सभी मिलकर 64861 बूथों पर आज से अपनी भूमिका प्रारंभ करेंगे। बूथ सहायक से लेकर पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता 10-17 तारीख तक नए लोगों को पार्टी में शामिल



कराएंगे। इसकी कार्यशाला भी हो चुकी है, जिसकी मॉनिटरिंग हम प्रतिदिन करते हैं।

हम लोग करते है कि भारतीय जनता पार्टी केवल चुनावों की पार्टी नहीं। यह जीवंत ऑर्गनाइजेशन है। यह कैडर बेस ऑर्गनाइजेशन है। भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता मिलकर यह राष्ट्र व्यापी सदस्यता अभियान को पूरा करेंगे।

### हारे बूथों पर फोकस

बीजेपी सदस्यता अभियान में उन बूथों पर खासा फोकस करेगी, जहां पिछले तीन-चार चुनावों से लगातार बीजेपी को हार का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस जिन बूथों पर मजबूत है उन बूथों पर बीजेपी सदस्यता अभियान को टारगेट बनाकर नए लोगों को जोड़ेगी।

### एमपी में डेढ़ करोड़ नए लोगों को जोड़ने का टारगेट

25 सितंबर तक सदस्यता अभियान के पहले चरण में बीजेपी देश भर में 10 करोड़ नए लोगों को सदस्य बनाएगी। वहीं, एमपी में डेढ़ करोड़ नए लोगों को सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इस दौरान शिक्षक दिवस पर निजी शिक्षकों को सदस्यता दिलाने के लिए बीजेपी ने शिक्षक प्रकोष्ठ को दिशा निर्देश दिए हैं।

### सांसदों को 25 हजार नए सदस्य बनाने होंगे

बीजेपी ने सांसदों, मंत्रियों विधायकों से लेकर हर पदाधिकारी को सदस्यता का लक्ष्य दिया है। एमपी में सांसदों को 25 हजार नए सदस्य बनाने होंगे। विधायकों को 15 हजार नए लोगों को मैंबरशिप दिलानी होगी। ऐसे ही जिला पंचायत अध्यक्ष, मेयर से लेकर तमाम जनप्रतिनिधियों को भी टारगेट दिया गया है।

# एमवाय सहित अन्य शासकीय अस्पतालों के सीसीटीवी कैमरें पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़े जाए

## शासकीय अस्पतालों में सुरक्षा संबंधी प्रबंधों की समिति की बैठक में संभागायुक्त ने दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। संभागायुक्त दीपक सिंह,पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता, कलेक्टर आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण ने एमवाय अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था, एमरजेंसी वार्ड, उपचार कक्ष, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, डॉक्टर्स एवं स्टूडेंट ड्यूटी रूम सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण के पश्चात इंदौर स्थित विभिन्न शासकीय अस्पतालों में सुरक्षा संबंधी प्रबंधों की समिति की बैठक ली।**



बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिये कि एमवाय सहित अन्य अस्पतालों में लगे सीसीटीवी कंट्रोल रूम को पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ा जाये जिससे किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति की मॉनिटरिंग और बेहतर तरीके से हो सकें तथा आकस्मिक स्थिति होने पर तत्काल कार्रवाई की जा सकें। उन्होंने ने सीसीटीवी कैमरों का आडिट कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने एमवाय, एमटीएच, आई हॉस्पिटल, बाणगंगा स्थित मानसिक चिकित्सालय सहित अन्य शासकीय चिकित्सालयों में सुरक्षा प्रबंधों और व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने इन अस्पतालों में चिकित्सकों, पेरा मेडिकल स्टॉफ आदि की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिये कि सीसीटीवी सर्विलेंस को सशक्त करते हुए माइक एड्रेस सिस्टम को बेहतर किया जाये। एमवाय, एमटीएच सहित अन्य अस्पताल परिसरों में बाउंड्रीवाल निर्माण एवं पुराने जर्जर भवनों को हटाने सहित अन्य निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि हॉस्पिटल केम्पस में रोशनी हेतु स्ट्रीट लाइट के बेहतर प्रबंध किये जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि समिति में प्राप्त सुझाव को बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। अस्पताल परिसर में तैनात निजी सुरक्षा बलों को शोल्डर कैमरे उपलब्ध कराये जाये। ब्रेथ एनालइजर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

बैठक में पुलिस कमिश्नर श्री गुप्ता ने अस्पतालों में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में सुरक्षा प्रबंधों की मॉकड्रील की जाये। कलेक्टर श्री सिंह ने अस्पताल परिसरों में बॉउंड्रीवाल निर्माण एवं जीर्णशीर्ण भवनों को तत्काल हटाने संबंधी आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में विभिन्न शासकीय चिकित्सालयों के डॉक्टर्स ने बेहतर प्रबंधों, सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिये महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में एडिशनल सीपी श्री अमित सिंह, डीसीपी श्री हंसराज सिंह, डीन एमजीएम कॉलेज डॉ संजय दीक्षित, डॉ सुमीत शुक्ला सहित पीडब्लूडी, पीआईयू सहित विभिन्न अस्पतालों के अधीक्षक एवं चिकित्सकगण उपस्थित थे।

## बारिश का पानी जमा होने पर जेडओ सस्पेंड

### सीएम के तलब के बाद जल जमाव को लेकर कसावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने सोमवार को कई जोन में निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान एक स्थान पर बारिश का पानी जमा दिखा और निकासी नहीं होने पर उन्होंने जमकर नाराजगी जताई। इसके लिए जिम्मेदार जोन-22 के जोनल अधिकारी दौलत सिंह गुंडिया को सस्पेंड कर दिया। दरअसल इन दिनों बारिश के पानी के जलजमाव को लेकर ट्रैफिक जाम के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। पिछले दिनों खुद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अधिकारियों से तलब कर चुके हैं। सोमवार दोपहर निगम कमिश्नर ने जोन-22 के निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर बारिश का पानी जमा होने, उसकी निकासी नहीं करने पर और सफाई व्यवस्था में काफी लापरवाही पाई। इस पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से जोनल अधिकारी को सस्पेंड कर दिया। उन्होंने विजय नगर चौराहा, रेडिसन, बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहा, निपानिया, महालक्ष्मी रोड, सत्य सांई चौराहा आदि का दौरा किया। साथ ही चेम्बरों की नियमित सफाई का भी अवलोकन किया गया।

## महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर आयोजित की चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हाल ही में कोलकाता में हुए भयानक बलात्कार और हत्या के मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के मद्देनजर, फ्लो इंदौर ने महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के मुद्दे पर चर्चा आयोजित की। इस कार्यक्रम ने शिक्षा, उद्यमिता, आतिथ्य, वकालत, डॉक्टर, सलाहकार, एचआर और विनिर्माण जैसे विविध क्षेत्रों से लगभग 30 व्यक्तियों को एकत्रित किया, ताकि वे अपने दृष्टिकोण, अनुभव और प्रस्तावित समाधान साझा कर सकें। प्रभावी संचालन, फ़्लो इंदौर समिति की सदस्य, डॉ. प्रियंका मोक्षमार और इन्फोबीन्स की हेड ऑफ पीपल, कनुप्रिया मनचंदा ने किया। फ्लो इंदौर की चेयरपर्सन, आर्किटेक्ट विभा जैन सेठी ने कहा, चर्चा बेहद विचारशील और प्रेरणादायक रही। हमने विभिन्न पृष्ठभूमियों से लोगों को सुना, जिन्होंने अपने अनुभव, चिंताओं और समाधान साझा किए।

## मौसम बदलने से आपूर्ति प्रभावित हो तो कम समय में सुधारें

### 15 जिलों के बिजली अधिकारियों की वर्चुअल मिटिंग में बोले अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के निर्देश पर कंपनी स्तर पर उपभोक्ता सेवा, तकनीकी उन्ननयन, शिकायत निवारण व अन्य सुविधाओं को लेकर सघनतम प्रयास जारी है। इसी क्रम में सोमवार अपराह्न कंपनी के विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं 15 जिलों के अधिकारियों की समन्वय मिटिंग का वर्चुअल आयोजन हुआ। इसमें विभागाध्यक्षों की ओर से बताया गया कि वर्तमान में मौसम मे व्यापक बदलाव के कारण यदि बिजली आपूर्ति में कही अवरोध उत्पन्न हो तो कम समय में सुधार करे।

संबंधित प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को सुधार कार्य में लगने वाले आंकलित समय को लेकर एसएमएस, वाट्सएप इत्यादि माध्यमों से सूचित भी किया जाए। नए ग्रिड समय पर बने, अगले माह से प्रारंभ होने वाले रबी सीजन की तैयारी की जाए, 1912, सीएम हेल्प लाइन, ऊर्जस पर आने वाली शिकायतों का समय सीमा में समाधान किया जाए। इस दौरान मैदानी अधिकारियों ने कार्य सुधार और अन्य विष ?ों को लेकर सुझाव भी दिए। प्रमुख रूप से मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य, निदेशक श्री पुनीत दुबे, श्री सचिन तालेवार, कार्यपालक निदेशक श्री गजरा मेहता, मुख्य अभियंता श्री एसएल करवाड़िया, श्री एसआर बमनके, श्री रवि मिश्रा, श्री गिरीश व्यास, श्री आरके आर्य, मुख्य वित्त अधिकारी श्री नरेंद्र बिवालकर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एससी वर्मा, शहर अधीक्षण यंत्री श्री मनोज शर्मा, इंदौर ग्रामीण अधीक्षण यंत्री श्री सुधीर आचार्य आदि ने विचार रखें।

## कलेक्टर ने एमवाय अस्पताल परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण एवं बेरिकेटिंग हेतु स्थल का किया निरीक्षण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कलेक्टर आशीष सिंह ने एमवाय अस्पताल परिसर में आम आवाजाही रोकने हेतु बेरिकेटिंग करने एवं जीर्णशीर्ण भवनों को हटाने के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने एमवाय अस्पताल परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण एवं बेरिकेटिंग किये जाने हेतु स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने एमवाय अस्पताल परिसर में जीर्णशीर्ण भवनों की स्थिति का भी अवलोकन किया तथा उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में आम आवाजाही के मार्ग पर बेरिकेटिंग की जाये तथा जीर्णशीर्ण भवनों को हटाने की कार्यवाही की जाये। इस दौरान डॉ. सुमित शुक्ला, डॉ. अशोक यादव सहित पीडब्लूडी, पीआईयू के अधिकारी उपस्थित थे।

## स्टार्ट-अप्स की स्थापना पर बल दिया मुख्य वक्ता शिक्षाविद प्रो. डॉ. द्विवेदी ने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर के ख्यातिलब्ध युवा शिक्षाविद प्रो. डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी लखनऊ (उ.प्र) में आयोजित 'न्यू एज एजुकेशन समिट-2024' में बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उ.प्र. के पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा उपस्थित हुए। डॉ. द्विवेदी ने नवीन शिक्षा नीति द्वारा नवाचारों के साथ उद्यमों- स्टार्ट-अप्स की स्थापना पर बल दिया।



ग्लोबल ट्रस्ट फ़ाउंडेशन द्वारा आयोजित उक्त संगोष्ठी में देश के कोने-कोने से व्यवसायी, उद्यमी एवं शिक्षाविदों की सहभागिता रही। विशेष अतिथि उप्र के मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार आईएएस अवनीष अवस्थी के साथ ही लखनऊ कमिश्नरी के एडिश्नल डीसीपी जितेंद्र कुमार दुबे भी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. द्विवेदी (प्रोफ़ेसर एवं समूह निदेशक-ऑक्सफ़ोर्ड कालेज, इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज, इंदौर) ने इंदौर स्वच्छता के मॉडल को नवाचार के रूप में उकेरने का प्रयास भी किया। डॉ. द्विवेदी विगत 7 वर्ष से इंदौर स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर हैं एवं इंदौर स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सांसद डॉ. शर्मा ने शिक्षकों के नवाचारों की क़वायद की एवं प्रदेश सरकार द्वारा किए गए अभिनव प्रयोगों की झलक दिखाई। श्री अवस्थी ने प्रशासनिक नवाचारों की रूपरेखा का खाका एवं प्रदेश के मॉडल को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले मनीषियों का डॉ. द्विवेदी, डॉ. शर्मा, श्री अवस्थी, कैडिला फ़ार्मास्यूटिकल्स के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार राजपूत द्वारा सम्मान किया गया। शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सीडब्ल्यूएसआईआर के संस्थापक निदेशक डॉ. अभिषेक पांडेय के स्वागत भाषण के साथ प्रारंभ हुआ। मोनिका जैन एवं अमित जैन ने सफल समन्वय किया।

# पुलिस आफिसर ऑफ द वीक में किया पुरस्कृत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ट्रैफिक डीसीपी अरविंद तिवारी द्वारा यातायात प्रबंधन पुलिस टीम को अच्छे कार्य के लिए उत्साहवर्धन हेतु ट्रैफिक पुलिस आफिसर आफ द वीक साप्ताहिक कार्यक्रमके सत्रहवें सप्ताह में ड्यूटी के दौरान गुड परफारमेंस पर पुरस्कृत किया गया।**

सोमवार को डीसीपी,ट्रैफिक आफिस पलासिया में यातायात डीसीपी तिवारी ,अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुशील कुमार तिवारी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त संतोष कुमार कौल, निरीक्षक विजयकांत शुक्ला एवं निरीक्षक राधा यादव की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर यातायात प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने पर यातायात क्षेत्र 1 से आरक्षक प्रशांत पाटीदार डयूटी पलासिया चौराहा, यातायात क्षेत्र 2 से प्रधान आरक्षक अशोक चंदेल, यातायात क्षेत्र 3 से प्रधान आरक्षक रामनारायण यादव,फ्रूट मार्केट चौराहा को शहर के यातायात को सुगम, सुरक्षित बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य के लिये ट्रैफिक पुलिस आफिसर आफ द वीक के लिए चयन कर मेडल, प्रशस्ति पत्र, बेच नगद पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। इनके अतिरिक्त यातायात प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए यातायात क्षेत्र 1 से प्रधान आरक्षक अकरम अली, कृषि कॉलेज चौराहा, यातायात क्षेत्र 2 से आरक्षक अतुल कुमार, यशवंत रोड चौराहा, यातायात क्षेत्र 3 से आरक्षक अंशुल नामदेव, बापट चौराहा को बेहतर यातायात प्रबंधन करने के लिए उत्साहवर्धन हेतु मेडल प्रशस्ति- पत्र एवं नगद पुरुस्कार से पुरुस्कृत किया गया। उक्त सम्मान कार्यक्रम में परिवारजन भी सम्मिलित हुए जिन्होंने अपनो को मेडल पहनाया। प्रधान आरक्षक अकरम अली को उनके पिता ने मेडल पहनाकर गले लगाया इस दौरान उनकी पत्नी व बच्चे भी मौजूद रहे। पुरुस्कृत टीम को एक दिन रेस्ट भी प्रदान किया गया।

# 6 पुलिस अधिकारी हुए रिटायर्ड, आयोजित किया विदाई समारोह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। पुलिस में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले इन्दौर पुलिस के 6 पुलिस अधिकारियों का विदाई समारोह सोमवार को पलासिया चौराहे स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता एवं एडिशनल कमिश्नर मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित उक्त कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त जगदीश डावर, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सीमा अलावा एवं रक्षित निरीक्षक दीपक कुमार पाटिल की उपस्थिति में सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधीकारीगण उप निरीक्षक रमेशचंद्र जोशी, उप निरीक्षक कमलेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक मीना चतुर्वेदी, सहायक उप निरीक्षक आशाराम श्रीवास, सहायक उप निरीक्षक जंडेल सिंह, सहायक उप निरीक्षक सदाशिव व उनके परिजन एवं कार्यालयीन स्टाफ व अन्य पुलिस कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपायुक्त जगदीश डावर व उपस्थित अधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों का शालए श्रीफल मोमेंटो व पुष्प माला के साथ स्वागत करते हुए, उन्होने जो पुलिस विभाग में अपनी अभिन्न सेवाएं दी गयी है, उसके लिये धन्यवाद दिया गया तथा उनके भविष्य के लिये मंगल कामना की गयी।

### पुलिस परिवार अब भी उनका

उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सभी को ये आश्वासन भी दिया किए ये पुलिस परिवार अब भी उनका परिवार है, वे जब चाहे यहां आकर अपनी समस्याएं व अपने अनुभव आदि हमसे साझा कर सकते हैं, सभी ने विदा लेने वाले साथियों से कहा कि यह उनका रिटायरमेंट नहीं बल्कि जीवन की एक नई पारी की शुरुआत है। सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा भी अपनी सेवाओं के दौरान के अपने खट्टे-मीठे पलों और यादगार लम्हों कों सभी के साथ साझा किया गया।

## समझाइश दी तो मां-बेटी पर किया हमला

इंदौर। पति-पत्नी को आपस में झगड़ता देखकरा तीन युवक उन्हें समझाने के लिए गए। इस पर महिला ने उन्हें समझाइश दी कि यह घरेलू मामला है बीच में मत बोलों। इस पर तीनों भडक गए और तीनों ने ने मां-बेटी पर हमला कर दिया । चंदननगर पुलिस ने बताया कि सुनीता पति बाबूलाल यादव, शांति नगर की शिकायत पर आरोपी संजू ,अशोक और रामप्रसाद के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। सुनीता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी सपना और दामाद मोहन का किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले आरोपी उन्हें समझाने के लिए पहुंचे तो सपना और उसकी मां सुनीता ने उन तीनों से कहा कि यह घर का झगड़ा है, वह बीच में ना पड़े इस बात को लेकर आरोपी नाराज हो गए । उन्होंने मां बेटी को गालियां दी और मारपीट कर डाली। आसपास के लोगों ने मां-बेटी को बचाया उसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

## नक्षत्रों ग्रहों और राशियों के पौधे लगाए

**इंदौर**। शा उ मा विद्यालय धरमपुरी में पुष्य नक्षत्र में नक्षत्र वाटिका के अन्तर्गत नक्षत्रों ग्रहों और राशियों के पौधे लगाए गए । इनके अतिरिक्त नवग्रहों एवं राशियों से सम्बंधित पौधे जैसे शोक,केल, चंपा, सीत अशोक, गुलमोहर, कनेर, सदाबहार, इमली आदि भी लगाए गए।

## बेटे से झगड़ा, पिता को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाणगंगा में एक युवक ने एक अधेड़ से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। उसकी गाड़ी भी तोड़ दी, घायल अधेड़ के बेटे से उसका झगड़ा हुआ था । बाणगंगा पुलिस ने बताया कि रामेश्वर जायसवाल ,विशाल नगर की शिकायत पर आरोपी अनिल उर्फ सत्या के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। रामेश्वर ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे का झगड़ा आरोपी से एक हफ्ते पहले हुआ था । इसी बात को लेकर आरोपी अलसुबह उनके घर पर आया और घर के बाहर खड़ी हुई बाइक में तोडफ़ोड़ करने लगा। उसे रोका तो उसने उनको गाली देते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। आसपास के लोग बीच बचाव के लिए आए तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

## चाचा भतीजा घायल

**इंदौर**। एक सडक़ हादसे में कार की टक्कर से चाचा-भतीजे घायल हो गए। राजीव गांधी चौराहे पर एक्टिवा सवार महेश पिता लक्ष्मी नारायण सोलंकी और भतीजा जितेंद्र को कार ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

### कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# खजराना गणेश इंदौर को सवा लाख मोदक का लगेगा भोग

## निर्माण शुरू, दस सुपर भट्टियों पर 30 रसोइए 96 घंटे में तैयार करेंगे मोदक प्रसाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर इस बार भी खजराना गणेश को भक्त मंडल की ओर से सवा लाख मोदक का प्रसाद समर्पित किया जाएगा। इसके लिए भक्त मंडल की ओर से सोमवार से मंदिर पर मोदक निर्माण के काम का शुभारंभ मंदिर के पुजारी पं. अशोक भट्ट एवं पं. सुमित भट्ट द्वारा वैदिक मंगलाचरण के बीच किया गया। मंदिर के प्रबंधक गौरीशंकर मिश्रा, संगीता बागड़ी, सरिता रोहित बागड़ी, विनिता गोयल सहित भक्त मंडल से जुड़े अनेक श्रद्धालु भी इस मौके पर उपस्थित थे।

श्री सिद्धि विनायक भक्त मंडल के अरविंद बागड़ी एवं कैलाश पंच ने बताया कि शहर के प्रसिद्ध रसोइए खेमजी महाराज और उनके 30 सहयोगी सोमवार से 10 सुपर भट्टियों पर मोदक निर्माण में जुट गए हैं। मोदक का निर्माण पूरे 96 घंटे तक यानी 6 सितम्बर की रात तक चलेगा। 7 सितम्बर को सुबह 10 बजे मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर आशीष सिंह तथा



मंदिर प्रशासक एवं निगम आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा ध्वजा पूजन के साथ गणेशजी को सवा लाख मोदक का भोग समर्पित किया जाएगा। ध्वजा पूजन के बाद कलेक्टर एवं निगमायुक्त तथा अन्य अतिथियों द्वारा भक्तों में मोदक प्रसाद वितरण का शुभारंभ किया जाएगा।

**इतनी सामग्री लगेगी निर्माण में-** उन्होंने बताया कि मोदक प्रसाद के निर्माण में 750 किलो मैदा, 32 टीन डिब्बे शुद्ध घी (करीब 550 किलो), 480 किलो गुड़ सफेद, 370 किलो तिल्ली सफेद, 250 किलो मूंगफली दाना एवं 35 किलो खोपरा बूरा का प्रयोग किया जाएगा। मोदक प्रसाद का वितरण 50 बड़ी परातों एवं 100 ट्रे की मदद से मंदिर आने वाले गणेश भक्तों में किया जाएगा।

**प्रतिदिन अलग-अलग अनाज के लड्डुओं का भोग-** बागड़ी ने बताया कि खजराना गणेश को गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग किस्म के अनाज के लड्डुओं का भोग भी समर्पित किया जाएगा । हर दिन सुबह मंदिर का मनोहारी पुष्प श्रृंगार भी होगा। पहले दिन पुष्प बंगला सजेगा।

# नौकरी से निकाला तो महिला अफसर पर चलाई गोली

## सीएमओ बोलीं-टेबल के नीचे छिपकर बचाई जान

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**खंडवा ,(एजेंसी)। खंडवा जिले की हरसूद नगर परिषद के सीएमओ दफ्तर में सोमवार दोपहर साढ़े 12 बजे गोली चल गई। पिस्टल लेकर पहुंचे एक युवक ने सीएमओ (मुख्य नगरपालिका अधिकारी) के आते ही लगातार तीन राउंड फायर किए। बीच बचाव में एक राजस्व निरीक्षक को चोट आई है। पुलिस ने घटनास्थल से पिस्टल बरामद कर ली है।**

आरोपी का नाम विशाल नामदेव है। विशाल सीएमओ मोनिका पारदी का ड्राइवर था। उसके खिलाफ कई लोगों ने शिकायत की थी। जिसके बाद सीएमओ ने उसे शोकॉज नोटिस दिया था। इसका जवाब उसने संतोषजनक नहीं दिया तो उसने नौकरी से निकाल दिया गया। इसी बात को लेकर वह सीएमओ से नाराज था।



### किसी को गोली नहीं लगी

विशाल ने गोली चलानी शुरू की तो आवाज से नगर परिषद दफ्तर में हंगामा मच गया। गनीमत रही कि इस दौरान किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को गोली नहीं लगी। विशाल के टारगेट पर सीएमओ मोनिका पारदी ही थीं। किस्मत से वह बाल-बाल बचीं। दफ्तर में मौजूद पार्षद इरशाद पठान, अर्जुन राजपूत, राहुल बोरासी और राजस्व निरीक्षक राकेश शर्मा ने बीच बचाव किया। इस दौरान राकेश शर्मा घायल हो गए, जिन्हें हरसूद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, पिस्टल छोड़कर आरोपी भाग निकला। थाना प्रभारी अमित कोरी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सीएमओ बोली- टेबल के नीचे झुककर जान बचाई

सीएमओ मोनिका पारदी का कहना है कि उन्होंने टेबल के नीचे झुक कर जान बचाई। आरोपी ने दफ्तर में आते ही शुरूआती दो राउंड उनके ऊपर फायर किए। बीच-बचाव में उसने पिस्तौल राजस्व निरीक्षक राकेश शर्मा के चेहरे पर फेंक कर मार दी, जिससे कि वे घायल हो गए।

### आरोपी के खिलाफ वित्तीय गड़बड़ी के मामले थे

सीएमओ मोनिका पारदी के मुताबिक, आरोपी विशाल नामदेव को लेकर कई शिकायतें थी। इनमें वित्तीय अनियमितता और कार्य में लापरवाही को लेकर उसे हटाया गया था। खासकर, वो अवैध रूप से टैंकर बेचने का काम करता था। ड्राइवर रहते हुए डीजल चोरी करता था। नगर परिषद के कर्मचारियों को भी धमकाता था।

**माफीनामा देने पर नौकरी पर रखा, फिर भी 3 लाख का घोटाला किया-** सीएमओ मोनिका का कहना है कि, विशाल नामदेव करीब 8 साल से ड्राइवर की नौकरी कर रहा था। वह पूर्व में भी वित्तीय अनियमितता के मामले में सस्पेंड हो चुका था। मेरे ज्वाइन करने के बाद उसने लिखित माफीनामा दिया। इसके बाद उसे बहाल किया था। लेकिन इस तरह की लापरवाही और अनियमितताएं वह लगातार करता रहा। मेरे द्वारा 8 से 10 बार नोटिस दिए गए थे। डीजल चोरी में ही उसने करीब 3 लाख रुपए का गबन किया था। 2 महीने पहले संविदा भर्ती नियम के तहत उसकी सेवा समाप्त की थी।

**एसपी ने कहा- जानलेवा हमले की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार-** एसपी महेंद्र तरानेकर ने बताया कि नगर पालिका परिषद की सीएमओ पर जानलेवा हमला करने की कोशिश हुई है। घटनास्थल से पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी विशाल नामदेव को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तेंदुए की पूंछ पकड़कर परेशान करते रहे लोग

## इलाज के लिए इंदौर ले जाते समय मौत

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**खंडवा, (एजेंसी)।** ओंकारेश्वर क्षेत्र के धाबड़िया गांव में घायल अवस्था में तेंदुआ मिला था। ग्रामीण उसकी पूंछ खींचकर परेशान कर रहे थे। खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में घायल हालत में मिले तेंदुए की मौत हो गई। तेंदुआ सोमवार सुबह ओंकारेश्वर से पांच किलोमीटर दूर धाबड़िया गांव के पास खेत में घायल हालत में मिला था। इलाज के लिए इंदौर ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। पिछले चार दिन से इलाके में तेंदुए का मूवमेंट था।



तेंदुए का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि वह ठीक से चल भी नहीं पा रहा है। कुछ लोग घायल तेंदुए को परेशान कर रहे हैं। उसकी पूंछ पकड़ रहे हैं। बार-बार उसके पास आते हैं और फिर हाथ लगाकर दूर भाग जाते हैं।

### किसान को उसके खेत में बैठा दिखा तेंदुआ

तेंदुआ एक किसान को उसके खेत में बैठा नजर आया था। जिसके बाद उसने डायल 100 पर फोन लगाकर सूचना दी। किसान की सूचना पर दोपहर में मांधाता पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद वन विभाग के डिप्टी रेंजर और कर्मचारी भी पहुंचे। वन विभाग की टीम ने उसे उठाकर वाहन में रखा और फिर उसे इलाज के लिए इंदौर रेफर किया।

### इलाके में 4-5 दिनों से तेंदुए का मूवमेंट था

ग्रामीणों ने बताया कि इलाके में 4-5 दिनों से तेंदुए का मूवमेंट था। तेंदुए ने दो दिन पहले एक बकरी का शिकार भी किया था। बताया जा रहा है कि इसकी सूचना वन विभाग को दी गई थी। लेकिन वन अमले ने समय रहते तेंदुए का रेस्क्यू नहीं किया। अधिकारियों ने तो तेंदुए के मूवमेंट की बात से ही इनकार कर दिया था।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आएगा मौत का कारण

ओंकारेश्वर के रेंजर रवि सेठ ने बताया- तेंदुआ की ऐसी स्थिति थी कि उसे ट्रैंकुलाइज करने की जरूरत नहीं पड़ी। हमारी टीम ने उसे सामान्य तरीके से रेस्क्यू कर पिंजरे में रख दिया। तेंदुए को इलाज के लिए इंदौर ले जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। तेंदुए पर किसी ने हमला नहीं किया है। मौत के कारण खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही हो सकेगा।

### सीसीटीवी फुटेज में घूमते दिखा तेंदुआ

तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में कुछ होटल वाले ने सीसीटीवी फुटेज दिखाए थे। इसमें तेंदुआ घूमते नजर आया था। दो दिन पहले यानी शनिवार को तेंदुए ने ओंकारेश्वर के बाहर बकरी का शिकार भी किया था।

# रेत माफिया ने किसान को कुचला, भाजपा नेता फरार

## फसल बर्बाद करने से रोका तो चढ़ा दिया ट्रैक्टर, थाने के सामने धरना दिया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

सिंगरौली, (एजेंसी)। सिंगरौली जिले में खुद की जमीन से अवैध रेत का परिवहन रोकने गए आदिवासी किसान की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई। आरोपी ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर मौके से भाग निकला। घटना बरका चौकी क्षेत्र के गन्नई गांव में रविवार रात की है। ट्रैक्टर भाजपा नेता लाले वैश्य का है, जो घटना के बाद से ही फरार है। नेता की गिरफ्तारी और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीण थाने के सामने धरना दे रहे हैं। यहां कांग्रेस के पूर्व मंत्री वंशमणि वर्मा समेत कई नेता और स्थानीय निवासी मौजूद हैं।

पुलिस के मुताबिक, कुछ लोग गन्नई गांव से निकलने वाली पटीर नदी से रेत का अवैध खनन कर किसान इंद्रपाल अगरिया के खेत से जबरन ट्रैक्टर निकाल रहे थे। खेत में लगी धान की फसल को खराब होता देख इंद्रपाल ने आपत्ति जताई तो आरोपियों ने उसे ट्रैक्टर से कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हालांकि अब पुलिस कह रही है कि परिजन ट्रैक्टर से कुचलने से मौत नहीं बल्कि धक्का लगने से मौत होने की बात कह रहे हैं। मामले पर सोमवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से कार्रवाई की मांग की है।

इंद्रपाल के बड़े भाई सुरेश अगरिया ने कहा, ह्यगांव में ही रहने वाले लाले वैश्य और उनके साथी हमारे खेत और जमीन से लगातार रेत का अवैध परिवहन करते हैं। इससे फसल खराब होती है। कई बार उनसे ट्रैक्टर निकालने के लिए मना किया लेकिन वे नहीं माने। रविवार रात को भी आरोपी खेत से ट्रैक्टर निकाल रहे थे। करीब 8 बजे भाई इंद्रपाल वहां पहुंचा। ट्रैक्टर निकालने से मना किया तो उसे कुचलकर मार डाला।

## रिसोर्ट स्टाफ ने जूनियर डॉक्टरों को दौड़ाकर पीटा

# पूल पार्टी की टाइमिंग पर विवाद, रिसोर्ट मालिक बोले- अर्द्धनग्न होकर नाच रहे थे

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**ग्वालियर, (एजेंसी)। ग्वालियर - सिरोल हाईवे पर विलायती ढाबा रिसोर्ट के स्टाफ ने जूनियर डॉक्टर को दौड़ाकर पीटा। रविवार रात 15 जूनियर डॉक्टर यहां पूल पार्टी कर रहे थे। पूल रात 8 से 12 बजे तक बुक था। रात 11 बजे पूल खाली करने का कहने पर झगड़ा शुरू हुआ।**

जूनियर डॉक्टरों के विरोध करने पर रिसोर्ट के स्टाफ से 15 से 20 लोग लाठी-डंडे और सरिए लेकर टूट पड़े। डॉक्टर जान बचाकर भागे। हमले में घायल रात में ही जेएएच पहुंचे। यहां मेडिकल कराने के बाद सिरोल थाने में जितेंद्र सिंह की शिकायत पर रिसोर्ट के मैनेजर सुरेंद्र शर्मा, कर्मचारी धर्मवीर समेत 15 से 20 लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया गया।

उधर, रिसोर्ट मालिक का कहना है कि डॉक्टर गुंडागर्दी कर रहे थे। पूल साइड रेस्टोरेंट में बैठी फैमिली से झगड़ रहे थे। नशे में अर्द्धनग्न नाच रहे थे।

# पहले डांसिंग फ्लोर पर फिनायल फेंका, फिर किया हमला

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**चिन्नोली (इटावा, यूपी) के जितेंद्र सिंह चौहान (27) ग्वालियर मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं। ग्वालियर के रविशंकर होस्टल में रहते हैं। उन्होंने साथी सचिन यादव, अतुल कटारे, प्रभात पाटीदार के साथ सिरोल थाना पहुंचकर शिकायत की।**

उन्होंने बताया कि रविवार रात 8 से 12 बजे तक के लिए 15 लोगों की बुकिंग थी। कुछ साथी पूल में स्वीमिंग कर रहे थे, कुछ बाहर डांस कर रहे थे। रात 11 बजे होटल स्टाफ आया। कहने लगा कि आपको पूल खाली करना पड़ेगा, एक और पार्टी आ गई है। हमने कहा कि हमारा समय रात 12 बजे तक है, तो आप पहले कैसे खाली करने के लिए कह सकते हो।

हमारी बहस होने लगी, तभी रिसोर्ट के कुछ कर्मचारियों ने आकर डांसिंग फ्लोर पर फिनायल फैला दिया। इसकी शिकायत होटल के मैनेजर सुरेंद्र शर्मा और रिसेप्शनिस्ट धर्मवीर से की, तो वे गाली-गलौज करने लगे। दोनोंने अपने स्टाफ को बुला लिया। हमले के समय आधे डॉक्टर पूल में थे और उनके आधे साथी डांसिंग फ्लोर पर थे। अचानक हुए हमले से डॉक्टर घबरा गए और जिस हालत में जो था, वह वैसे ही भागा है। होटल स्टाफ ने उनका पीछा किया और दौड़ा-दौड़ाकर मारपीट की। कई डॉक्टरों के मोबाइल, कपड़े और जूते तक विलायती रिसोर्ट में छूट गए। हमले में प्रभात पाटीदार, जितेंद्र सिंह चौहान और अतुल चौहान को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की।

डॉक्टर जितेंद्र अपने सासथी डॉ. सचिन यादव, अमन पटेल, हर्ष सोनी, गोविंद लोहिया, देवेश शर्मा, कुलदीप बिल्ला, गणेश गुर्जर, नकुल त्यागी, संजीव ठाकुर, हिमांशु बरकोड़ा, मोहित सिंह रावत, भावेश राठौर, शिवम खैरवार, अतुल कटारे और प्रभात पाटीदार के साथ विलायती रिसोर्ट में पार्टी करने के लिए आए थे।

## संपादकीय

# जघन्य अपराध करने वालों की सोच

राजधानी दिल्ली में बीते कुछ दिनों में बहुत सामान्य बात पर पीट-पीट कर हत्या कर देने की दो घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि कुछ लोगों के भीतर बातचीत से किसी मसले का हल निकालने का विवेक नहीं बचा है और हिंसा ही उन्हें आखिरी उपाय नजर आता है। दिल्ली के शाहदरा इलाके में गुरुवार को पैसे की लेनदेन को लेकर एक मिस्त्री को बुरी तरह पीट कर मार डाला गया। इससे एक दिन पहले रजौरी गार्डन इलाके में एक ढाबे के मालिकों और उसके कर्मचारियों ने एक ग्राहक की पीट-पीट कर हत्या कर दी। इस तरह के मामले भी अक्सर सुर्खियों में आते हैं, जिनमें सड़क पर वाहन से हल्की टक्कर या फिर आगे निकलने की कोशिश में दो पक्षों में विवाद उभर जाता और उसके बाद मारपीट में किसी की जान चली जाती है। सवाल है कि बहुत सामान्य बातों पर ऐसे जघन्य अपराध तक कर डालने से पहले लोग एक पल के लिए इसके नतीजों के बारे में क्यों नहीं सोच पाते हैं। उनका विवेक काम करना क्यों बंद कर देता है? समय के साथ आधुनिक और सभ्य होते समाज में उम्मीद यही की जाती है कि लोग आपसी व्यवहारों को लेकर संयत और विवेकवान होंगे। मगर यह समझना मुश्किल है कि लोगों के भीतर ऐसी असहिष्णुता और हिंसा कहां से और क्यों पैदा हो रही है कि वे बेहद मामूली बातों पर किसी की इस हद तक पिटाई करते हैं कि उसकी जान चली जाए। जिस तरह की बातों को बातचीत से सुलझा लेना चाहिए, उस पर हिंसक टकराव हो जाता है। आवेश में आकर एक सामान्य नागरिक कुछ ही देर में अपराधी बन जाता है। हालांकि उसके बाद होने वाली कानूनी कार्रवाई में जब हत्या के आरोपियों को अपने अपराध और होने वाली सजा का अंदाजा होता है, तब शायद उन्हें यह अहसास होता होगा कि कुछ पल के लिए अगर उन्होंने शांति से मामले से निपटने की कोशिश की होती, तो न किसी की जान जाती, न उन्हें सजा का सामना करना पड़ता। मगर अफसोस कि आज कुछ लोगों के भीतर शायद इतना भी समझ पाने का धीरज और विवेक नहीं बचा है।

### अर्ज किया है..!

*क्या कहूँ कैफ़िय्यत-ए-दिल*
*किस क़दर टूटा हूँ मैं*
*अब अगर चाहा गया तो*
*रेत में मिल जाऊँगा*

-एहतमाम सादिक़

## OSHO कहिन

> जब तक आदमी सृजन की कला नहीं जानता तब तक अस्तित्व का अंश नहीं बनता।



### Health is Welth

# खाना खाने से जी क्यों चुराते हैं बच्चे? एक्सपर्ट ने बताएं कारण और उपाय



पेरेंट्स को अकसर अपने बढ़ते बच्चों के खान-पान को लेकर चिंता बनी रहती है। ज्यादातर माता-पिता इस उम्र में भोजन को लेकर बच्चों के नखरों से परेशान रहते हैं। घर की दाल-रोटी को देखकर बच्चों का हमेशा मुंह बनाना, पेरेंट्स के लिए परेशानी का सबब बनने लगता है। बढ़ती उम्र के लिए जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर भोजन छोड़कर फास्ट फूड के लिए उनका बढ़ता क्रेज तकरीबन हर पेरेंट्स के लिए एक बड़ी समस्या बना हुआ है। शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्वों की कमी बच्चों में कमजोर इम्यूनिटी का कारण बनने लगती है, जिससे बच्चे जल्दी-जल्दी बीमार पड़ने लगते हैं। अगर आप भी अपने बच्चे के डॉक्टर के पास हर समय एक ही सवाल लेकर पहुंचते हैं कि आपका बच्चा घर का खाना क्यों नहीं खाना चाहता तो आपके इस सवाल का जवाब बच्चों के डॉक्टर सोरोजीत गुप्ता ने अपने एक इंस्टाग्राम वीडियो को शेयर करके दे दिया है। अपने इस इंस्टाग्राम वीडियो में डॉक्टर गुप्ता ने बच्चों के ऐसा करने के पीछे 3 मुख्य कारण बताए हैं। आइए जानते हैं उनके बारे में।

### बच्चे ने खाया क्या है?

डॉक्टर गुप्ता कहते हैं कि माता-पिता को अक्सर यह लगता है कि उनका बच्चा पूरा दिन भूखा रहता है। लेकिन बच्चों से बात करने पर यह पता चलता है कि वो तो अपनी तरफ से स्नैकिंग और मंचिंग करके थोड़ा-थोड़ा करके कुछ ना कुछ खा ही रहा होता है। ऐसे में अगर अगल बार आपका बच्चा खाना खाने से मना करें तो सबसे पहले यह जानने की कोशिश करें कि उसे अगर भूख नहीं लग रही है तो उसने अपनी भूख को शांत करने के लिए खाया क्या है। बच्चों को फास्ट फूड और प्रिजर्वेटिव फूड से दूर रखें। खासतौर पर भोजन से एक घंटा पहले और भोजन करने के एक घंटा बाद तक बच्चों को अनहेल्दी चीजें खाने के लिए ना दें।

### ज्यादा दूध

बच्चे के घर का बना खाना ना खाने का दूसरा कारण यह है कि ज्यादा मात्रा में दूध पीना। दरअसल, कई माता-पिता बच्चे को पूरा दिन थोड़ी-थोड़ी देर में दूध पीने के लिए देते रहते हैं। जिससे बच्चे का पेट भर जाता है और शरीर के लिए जरूरी कैलोरी को दूध से ही प्राप्त कर लेता है।

### बच्चों को देर से भोजन खाने के लिए देना

कई बार पेरेंट्स अपने बच्चे को ठोस आहार देना देर से शुरू करते हैं। जो आगे चलकर बच्चे में भोजन के लेकर अरुचि पैदा करके समस्या को बढ़ा सकता है। ऐसा करने से बच्चे खाना खाने से कतराने लगते हैं।

### ये अन्य कारण भी हो सकते हैं जिम्मेदार

बच्चे के खाना ना खाने के पीछे इसके अलावा ये कारण जैसे दांत निकलना, यात्रा के दौरान, बीमार पड़ने पर, कब्ज या पेट में गैस बनने पर भी बच्चा खाना खाने के लिए मना कर सकता है।

### डॉक्टर की सलाह

हो सकता है बच्चा रोज-रोज एक ही तरह का स्वाद वाला खाना खाकर बोर हो चुका हो। ऐसे में अपने बच्चे को हेल्दी खाना खिलाने के लिए उनकी प्लेट को रोजाना एक अलग और नई रंगबिरंगी सब्जी और फ्रूट्स वाली डिश से सजाकर टेस्टी तरीके से सर्व करें।

इसके अलावा खाने को किसी दूसरे टाइम और जगह पर भी बच्चे को खिलाने की कोशिश कर सकते है।

बच्चे को खाना खिलाने के लिए कभी भी उनके साथ जोर-जबरदस्ती ना करें, ऐसा करने से बच्चों की तरफ से फूड रिजेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। बच्चे को खेलते-खेलते खाना खिलाएं और खुद भी खाएं।

आखिर में तनाव लेना बंद कीजिए। बच्चों का मील रिजेक्शन कुछ समय के लिए ही होता है। यह समस्या धीरे-धीरे अपने आप ठीक हो जाती है।

Himachal Pradesh

# हिमाचल के इतिहास में पहली बार, 2 लाख कर्मचारियों और 1.5 लाख पेंशनर्स के खाते में 1 तारीख को न सैलरी आई, न ही पेंशन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार, राज्य के 2 लाख कर्मचारियों और 1.5 लाख पेंशनर्स को 1 तारीख को सैलरी और पेंशन नहीं मिल पाई. राज्य में मौजूदा आर्थिक संकट के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है, जिससे कर्मचारियों और पेंशनर्स के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है.

हिमाचल प्रदेश पर वर्तमान में लगभग 94 हजार करोड़ रुपये का भारी कर्ज है. इस वित्तीय बोझ ने राज्य की वित्तीय स्थिति को अत्यधिक कमजोर कर दिया है, जिसके कारण राज्य सरकार को पुराने कर्ज चुकाने के लिए नए कर्ज लेने पड़ रहे हैं. कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए राज्य सरकार पर लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की



देनदारियां बकाया हैं. इस राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में सरकार को भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है. लोगों को आज भी सैलरी-पेंशन न मिलने के आसार दिख रहे हैं. बता दें कि, 2022 के चुनाव में सत्ता में वापसी के लिए कांग्रेस ने कई बड़े वादे किए थे. सरकार में आने के बाद इन वादों पर बेतहाशा खर्च किया जा रहा है. हिमाचल सरकार के बजट का 40 फीसदी तो सैलरी और पेंशन देने में ही चला जाता है. लगभग 20 फीसदी कर्ज और ब्याज चुकाने में खर्च हो जाता है. हिमाचल प्रदेश की खराब आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार ने बीते दिनों बड़ा फैसला लिया था. मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को एलान किया था कि मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य संसदीय सचिव, बोर्ड निगमों के चेयरमैन दो महीने तक वेतन-भत्ता नहीं लेंगे.

Jharkhand

# कॉल गर्ल का सिर काट कर आंगन में रख दिया, प्रेमिका से मिलने के लिए इरफान बना हैवान

**धनबाद, (एजेंसी)** झारखंड के एक तालाब से 31 अगस्त को मिली महिला के कटे सिर की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। महिला की मौत का सच सुन कर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। मरने वाली महिला एक कॉल गर्ल थी। धनबाद के पांडरपाला न्यू इस्लामपुर में रहने वाले इरफान अंसारी उर्फ कल्लू कई दिनों से दास टोला में रहने वाली अपनी कथित प्रेमिका से मेलजोल में बाधक बन रहे उसके दो भाई और मामा को फंसाने की साजिश रच रहा था। उसने स्टेशन से एक कॉल गर्ल को बुला कर पंपू तालाब के पास उसका गला काट दिया। इस हत्या का झूठा आरोप वह प्रेमिका और भाइयों पर लगाना चाह रहा था। डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर दीपक कुमार ने इरफान की गिरफ्तारी और उसके जुर्म की कहानी की जानकारी दी। दरअसल, कॉल गर्ल से संबंध बनाने का झांसा देकर उसे अपने साथ सुनसान जगह पर ले जा रहा था। रास्ते में कॉल गर्ल ने कल्लू का पर्स चुरा लिया। यह बात उसे इतनी नागवार गुजरी कि उसने सब्जी काटने वाले चाकू से लड़की का सिर धड़ से अलग कर दिया।

Rajasthan

# कंटेनर में छुपाकर गुजरात ले जाई जा रही अवैध शराब, पुलिस ने जब्त किए 1003 कार्टन

**सिरोही, (एजेंसी)** राजस्थान के सिरोही में पुलिस ने अवैध शराब की बड़ी खेप को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है. यह अवैध शराब चंडीगढ़ से गुजरात भेजी जा रही थी. पकड़ी गई शराब की कीमत 80 लाख से ज्यादा की बताई जा रही है. साथ ही कंटेनर चालक को गिरफ्तार किया है. रीको थानाधिकारी सीताराम ने बताया कि एसपी अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देश पर मावल चौकी पर लगातार नाकेबंदी की गई थी.

इसी क्रम में शनिवार रात एक कंटेनर को रोक कर उसकी तलाशी ली गई. चालक से कंटेनर के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि कंटेनर में एलईडी टीवी है. पुलिस को कुछ शक हुआ और कंटेनर को खोलकर देखा तो भारी मात्रा में चंडीगढ़ निर्मित अवैध शराब गुजरात पहुंचाई जा रही थी.

पकड़ी गई शराब को थाने लाकर गिना तो



1003 पेटी अवैध शराब की पाई गई. इस शराब की अनुमानित कीमत 80 लाख रुपये आंकी जा रही है. पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही है. इससे पहले भी पुलिस कई अवैध शराब को पकड़ चुकी है.

बता दें, रीको थाना पुलिस के मावल चौकी की अवैध शराब को लेकर यह एक महीने के भीतर चौथी बड़ी कार्रवाई है.

New Delhi

# हेलिकॉप्टर ध्रुव की अरब सागर में इमरजेंसी लैंडिंग, दो पायलट और एक डाइवर लापता; बाढ़ राहत में जुटा था



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय कोस्टगार्ड के हेलिकॉप्टर ध्रुव को अरब सागर में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी है। इस दौरान हेलिकॉप्टर में सवार इंडियन कोस्ट गार्ड के दो पायलट लापता हो गए हैं। उनके साथ एक डाइवर भी सवार था। उसके बारे में भी कोई खबर नहीं मिल पाई है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार एक क्रू मेंबर को बचा लिया गया है, लेकिन बाकी तीन लोग लापता हैं। यह हेलिकॉप्टर गुजरात में आई बाढ़ से जुड़े राहत एवं बचाव कार्य में जुटा था। पूरे मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों का कहना है कि हेलिकॉप्टर ने सोमवार की रात को पोरबंदर के पास समुद्र में इमरजेंसी लैंडिंग की थीं।

इस हेलिकॉप्टर में दो पायलट और दो डाइवर सवार थे। अब तक एक डाइवर को बताया जा सका है, लेकिन बाकी तीन लोग अब भी लापता है। यह हेलिकॉप्टर गुजरात में आई बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने एवं राहत सामग्री पहुंचाने में जुटा था। कोस्ट गार्ड की ओर से इस अभियान में 4 जहाजों और दो एयरक्राफ्ट्स को लगाया गया है। अब तक गुजरात में आई बाढ़ और चक्रवात के दौरान भारतीय कोस्ट गार्ड के अडवांस लाइट हेलिकॉप्टर ने 67 लोगों की जिंदगियों को बचाया है। कोस्टगार्ड की ओर से जारी बयान में बताया गया कि रात को करीब 11 बजे इसे इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। हेलिकॉप्टर मेडिकल बचाव के लिए निकला था।

इमरजेंसी लैंडिंग के बाद टोही अभियान

## खेल

# नितेश कुमार ने बैडमिंटन में जीता स्वर्ण

### भारत को दिलाया नौवां पदक, बेथेल को हराया

**पेरिस, (एजेंसी)** भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नितेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सोमवार को पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने ब्रिटिश पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी डैनियल बेथेल को पुरुष एकल एसएल3 वर्ग के पदक मुकाबले में 21-14, 18-21, 23-21 के स्कोर से हरा दिया। इस मुकाबले का पहला गेम नितेश ने 21-14 से जीता। हालांकि, वह दूसरे गेम में पिछड़ गए और बेथेल ने यह गेम 18-21 से अपने नाम किया। तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने मिली और एक समय स्कोर 20-20 पर पहुंच गया था। हालांकि, नितेश ने 23-21 से यह गेम जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

भारत का पेरिस पैरालंपिक में यह कुल नौवां और दूसरा स्वर्ण पदक है। नितेश से पहले महिला निशानेबाज अवनि लेखरा भी



स्वर्ण जीतने में सफल रही थीं। नितेश की जीत के साथ एसएल3 वर्ग का स्वर्ण पदक भारत के पास बरकरार रहा। टोक्यो में तीन साल पहले जब पैरा बैडमिंटन ने पदार्पण किया था तो प्रमोद भगत ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। एसएल3 वर्ग के खिलाड़ियों के शरीर के निचले हिस्से में अधिक गंभीर विकार होता है और वह आधी चौड़ाई वाले कोर्ट पर खेलते हैं। जब नितेश 15 वर्ष के थे तब उन्होंने 2009 में विशाखापत्तनम में एक रेल दुर्घटना में अपना बायां पैर खो दिया था लेकिन वह इस सदमे से उबर गए और पैरा बैडमिंटन को अपनाया।

आईआईटी मंडी से स्नातक नितेश ने इससे पहले बेथेल के खिलाफ सभी नौ मैच गंवाए थे और उन्होंने सोमवार को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाड़ी के खिलाफ पहली जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबला धीरज और कौशल का परीक्षण था जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने बहुत ही कठिन रैलियां खेली। शुरुआती गेम में लगभग तीन मिनट की 122 शॉट् की रैली भी थी। नितेश ने अपने रिवर्स हिट, ड्रॉप शॉट और नेट पर शानदार खेल से बेथेल को पूरे मैच में परेशान किया।

### नितेश-बेथेल के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला

शुरुआती गेम में नितेश एक समय 6-9 से पीछे थे लेकिन अपने मजबूत डिफेंस की बदौलत वापसी करने में सफल रहे और ब्रेक के समय 11-9 से आगे थे। उन्होंने इसके बाद 18-14 की बढ़त बनाई और बेथेल के शॉट बाहर मारने पर गेम जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी दूसरे गेम में 14-12 से आगे था और सीधे गेम में जीत दर्ज कर सकता था लेकिन बेथेल ने वापसी करते हुए मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींच दिया। तीसरे और निर्णायक गेम दोनों खिलाड़ियों के बीच प्रत्येक अंक के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों खिलाड़ी 8-8 के स्कोर से 19-19 तक पहुंचे। भारतीय खिलाड़ी को 20-19 के स्कोर पर पहला चैंपियनशिप प्वाइंट मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। बेथेल को भी 21-20 के स्कोर पर चैंपियनशिप प्वाइंट मिला लेकिन वह भी शॉट नेट पर मार बैठे। नितेश ने इसके बाद दूसरे चैंपियनशिप प्वाइंट पर बेथेल के शॉट बाहर मारने पर स्वर्ण पदक जीता।

## सिनेमा

# 'IC 814' में आतंकियों के गलत नाम का विवाद पहुंचा हाई कोर्ट, नेटफ्लिक्स शो पर बैन की मांग



डायरेक्टर अनुभव सिन्हा की नेटफ्लिक्स सीरीज 'IC 814: द कंधार हाईजैक' को लेकर शुरू हुआ विवाद बढ़ता ही जा रहा है. 29 अगस्त को रिलीज हुई इस वेब सीरीज को एक तरफ तो जमकर तारीफ मिली, लेकिन दूसरी तरफ शो में आतंकियों के नाम 'भोला' और 'शंकर' दिखाए जाने को लेकर विवाद छिड़ गया. लोगों ने 'IC 814' को बैन करने की मांग शुरू कर दी और सोशल मीडिया पर इसे लेकर 'बॉयकॉट' के हैशटैग भी फिर से बाहर आ गए. लेकिन ये मामला अब कानूनी हो गया है और शो पर बैन लगाने की मांग के साथ दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है. जानकारी के अनुसार, OTT प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर 'IC 814: द कंधार हाईजैक' सीरीज पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है. याचिका में सीरीज के प्रदर्शन की अनुमति वाले सर्टिफिकेट को रद्द करने और इस फिल्म पर तत्काल रोक लगाने की गुहार लगाई गई है. याचिका में आरोप लगाया गया है कि इस सीरीज में अपहरण में शामिल आतंकवादियों की वास्तविक पहचान को गलत नाम से पेश किया गया है. याचिका के मुताबिक नेटफ्लिक्स की इस सीरीज में, 1999 में एयर इंडिया की फ्लाइट IC 814 को कंधार से दिल्ली के रास्ते में हाईजैक करने की घटना में शामिल आतंकवादियों की वास्तविक पहचान छिपा कर प्रस्तुत किया गया है.

Highlights

1. B'desh journalist booked for saying Rahul sexually assaulted woman
2. Bengaluru roads far better than Delhi's: Karnataka Deputy CM DK Shivakumar
3. Doctors present replica of spine to WB Police amid protests over RG Kar rape-murder
4. Dead bodies float out of cemetery after dam wall breaks in Rajasthan
5. 12 convicted for murder of Suresh Raina's uncle jailed for life
6. Salaries of govt employees delayed as Himachal in financial crisis

# Relief for Elon Musk: Tesla's China sales have best month of the year in August

**NEW DEIHI, (Agency).** Tesla's sales in China logged their best month for the year so far in August, with the U.S. electric vehicle maker benefiting from brisk sales in smaller cities.

Tesla said it sold more than 63,000 cars in the world's biggest auto market last month, a hefty 37% jump from July, but probably still down from August last year when it sold 64,694.



While an encouraging improvement, its performance lags major Chinese rivals by a wide margin.

BYD, the world's biggest EV maker, said its China passenger vehicle sales surged 35% in August from a year earlier to a record monthly high of 370,854. Other local EV competitors including Leapmotor and Li Auto also reported higher sales.

Like many other automakers, Tesla has been badly bruised by a protracted price war in China where economic growth has also been sluggish and consumer confidence fragile. Its China sales declined 5% for the first half of the year.

Although Tesla has cut its local sales force as part of a global downsizing, a number of factors have helped recent sales momentum.

Tesla has since April offered zero-interest loans of up to five years for buyers, while several local governments have made its cars eligible for official car purchases in recent weeks.

It also received a key regulatory nod earlier this year, with the country's top auto industry association saying that data collection by Tesla vehicles was compliant with regulations, allowing Tesla cars to enter some government compounds that they used to be banned from.

# Tata Sons board to soon appoint new members: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Sons may soon appoint new group nominees to its board as some of their current members will soon retire or quit, Economic Times reported. Bhaskar Bhat will sign off today after his last scheduled meeting of the committee, the report claimed, adding, Jaguar Land Rover (JLR) director Ralf Speth is likely to step down soon from the post soon.




Bhaskar Bhat is also the chairman of Tata SIA Airlines, which owns the Vistara brand. He may continue to be in an advisory role until the merger of Air India and Tata SIA, the report claimed.

Top management positions at Tata Sons will also need to be filled as Harish Bhat, S Padmanabhan and Banmali Agrawala have either retired or exited from their executive roles. Harish Bhat retired and Banmali Agrawala is in an advisory role in Tata Sons. TV Narendran, CEO of Tata Steel, is one of the names which is likely to be considered as group representatives on the board, the report claimed. Noel Tata, chairman of Trent, is another top candidate but his nomination may need Tata Trust approvals, it added.

# महिला से किया सामूहिक दुष्कर्म

## स्क्रैप व्यापारी सहित 5 पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिया पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर स्क्रैप व्यापारी सहित पांच लोगों पर गैंग रेप का केस दर्ज कराया है। महिला करीब तीन माह से एफआईआर के लिये भटक रही थी। सोमवार देर रात बजे पुलिस ने केस दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक 34 साल की महिला की शिकायत पर शहजाद मडावरा, सलीम बारी निवासी श्रीनगर कांकड, सलीम तेली पिता ईद मोहम्मद निवासी खजराना, इरफान अली निवासी रसलपुर देवास और नजर पठान पर गैंगरेप की धाराओं में कार्रवाई की है। पीडिता के मुताबिक घटना 11 जून 2024 की है। वह कनाडिया में किराये से फ्लैट देखने जा रही थी। तभी एक थार गाड़ी से सामने से आई स्कूटी के यहां रोक दी। इस कार से इरफान अली उतरा। वह मुझे जबरदस्ती कार में बैठाने लगा। कहा कि तुझे सलीम भाईजान से 10 से 12 लाख रुपए दिलवा देता हूं।

मैंने काफी विरोध किया तो कार की पीछे की सीट पर सलीम तेली निकला। उसने कहा सडक़ पर ही इसे कपड़े उतार दो। फिर एक मिनट में गाड़ी में बैठ जाएगी। इसके बाद सलीम बारिक नाम का लडक़ा उतरा और मुझे खींचकर जबरदस्ती गाड़ी में बैठा दिया। उसी समय सफेद रंग की दूसरी कार से शहजाद उतरा। उसने भी अपशब्द कहे।

इसके बाद सभी पीडिता को कार में बैठाकर अपहरण किया और अरविंदो अस्पताल के यहां गोदाम में ले गए। यहां कमरे में टीवी चालू कर सभी शराब पीने लगे। तभी सलीम ने बेल्ट निकाला और मुजरा करने को कहा। करीब आधे घंटे बाद सभी ने अननैचुरल सेक्स को लेकर दबाव बनाने लगे। मना किया तो नजर पठान ने बेल्ट से बुरी तरह से मारा। फिर सभी एक के बाद एक बेल्ट से मारने लगे। सभी ने नशा किया और पीडिता के साथ रेप किया।

पीडिता ने एफआईआर में लिखवाया कि मैं चिल्लाई तो टीवी पर चल रही अश्लील फिल्म की आवाज तेज कर दी। सलीम तेली ने अननैचुरल सेक्स के लिए मजबूर किया। मेरे साथ शैतानों जैसी हरकत की। कुछ देर बाद मुझे नजर पठान मुझे एक्टिवा पर बैठाकर एमआर10 ब्रिज के यहां छोडक़र भाग गया। यहां से मैं अपनी बहन के यहां पर मूसाखेड़ी चली गई। पीडिता ने आरोप लगाया कि कि वह इनके खिलाफ शिकायत करने थाने पहुंची। कनाडिया पुलिस ने भी उसकी सुनवाई नहीं की। आरोपियों को पता चला तो उन्होंने मुझे काफी डराया। सोमवार रात कनाडिया पुलिस ने पांचों आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

# महिला की चेन झपटी, साथी के साथ भागा आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पैदल जा रही एक महिला के साथ वारदात हो गई। बदमाश ने मौका पाकर उसके गले पर झपट्टा मारा और चेन छिनकर दौड़ लगा दी। कुछ दूरी पर उसका साथी बाइक स्टार्ट कर खड़ा, जिस पर सवार होकर दोनों फरार हो गए।**

लसूडिया पुलिस ने बताया कि अल्पना ठाकुर पति संदीप निवासी तुलसी नगर की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है । पीडिता ने पुलिस को बताया कि सरस्वती मंदिर के पास तुलसी नगर से वह जा रही थी ,तभी पैदल एक लडका उनके पास आया और गले से चेन झपटकर भागा। पास ही में उसका साथी मोटरसाइकिल स्टार्ट करके खड़ा था। वह उसकी गाड़ी पर बैठा और दोनों वहां से भाग निकले । पीडिता ने परिवार वालों के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। मामले में पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# घर का पता भूल गई, पुलिस ने परिजनों से मिलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महिला बाजार में खरीददारी करने आई और घर का पता भूल गई। घंटों तक भटकने के बाद वह किसी तरह पंढरीनाथ थाने पहुंची। वहां लेडी सब इंस्पेक्टर ने पूछा तो महिला केवल पति का नाम राजेंद्र ही बता पा रही थी। उसे अपने घर का पता भी नहीं मालूम था। किसी तरह महिला ने मायके के गांव का नाम बताया। पुलिस ने गूगल मैप के जरिए गांव को तलाशा वहां एक किराने की दुकान के बोर्ड पर मोबाइल नंबर मिला और उसके बाद महिला को इंदौर में रहने वाले देवर तक खबर पहुंचाई। देवर थाने आकर अपनी भाभी को अपने साथ ले गया।

पहाडग़ौन,छतरपुर की ज्योति पति राजेंद्रसिंह राजावत इंदौर में अपने पति और देवर के साथ सूर्यदेव नगर में रहती हैं। वे सोमवार को बाजार में खरीदी करने आई थी। इसी दौरान अपने घर का पता भूल गई। घंटो तक भटकने के बाद रोती हुई पंढरीनाथ थाने पहुंची। यहां सब इंस्पेक्टर संध्या श्रीवास्तव ने उनसे बातचीत की तो वह केवल पति राजेंद्र का अधूरा नाम बता पाई। काफी देर तक काउंसलिंग करने के बाद उन्होंने अपने मायके के गांव पहाडग़ौन बताया। गूगल मैप पर इस गांव की खोज हुई तो वह गांव छतरपुर का निकला। वहां से और जानकारी ली गई तो गांव के मुकेश किराना वाले का मोबाइल नंबर मिला। उसे वीडियो काल कर महिला के बारे में पूछा तो उसने बताया कि ये ज्योति है,उन्होंने ज्योति के भाई का नंबर दिया। भाई को फोन लगाया तो उसने इंदौर में रहने वाले पति और देवर का नंबर दिया। उसके बाद पुलिस ने उनसे संपर्क किया। तब पता चला कि ज्योति दोपहर से ही घर से गायब थी और पति और देवर उन्हें कई स्थानों पर तलाश करते हुए परेशान हो रहे थे। उन्हें जब पता चला कि वह पंढरीनाथ थाने पर है उसके बाद ज्योति का देवर यहां पहुंचा और भाभी को अपने साथ ले गया। टीआई कपिल शर्मा के मुताबिक ज्योति पति राजेंद्रसिंह राजावत,32 साल को उनके देवर के हवाले किया तो महिला ने पहचान लिया और बताया कि वह उसका देवर है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक